**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल को इस वर्ष के लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है।

2- अंडमान निकोबार पुलिस ने कल नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में समुद्री पुलिसिंग पर पहले 21–दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

3- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से पात्र सूक्ष्म और लघु उद्यमों को इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर के लिए आमंत्रित किया गया है।

4- लापती समुद्र तट पर 'एकता के प्रतीक' सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में दो दिवसीय बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया

<><><><><><><><><><>

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल को इस वर्ष के लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार लोकमान्य तिलक की 106वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक अगस्त को पुणे में प्रदान किया जाएगा। लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. रोहित तिलक ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार पुरस्कार समारोह में उपस्थित रहेंगे। पुरस्कार में एक स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है। श्री डोवाल को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने, आतंकवाद विरोधी अभियानों और सीमा सुरक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया है। उन्होंने ऑपरेशन ब्लैक थंडर, डोकलाम वार्ता और बालाकोट हवाई हमले सहित कई प्रमुख राष्ट्रीय सुरक्षा पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केरल कैडर के 1968 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी डोवाल ने खुफिया विभाग में तीन दशकों से अधिक समय तक सेवा की और बाद में खुफिया ब्यूरो के प्रमुख बने। वे वर्तमान में भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने कल नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में 46 होमगार्ड स्वयंसेवकों के लिए समुद्री पुलिसिंग पर पहले 21–दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप–महानिरीक्षक जितेंद्र कुमार मीणा ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन, प्रधानाचार्य उमाशंकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 अगस्त तक चलेगा, जिसे पुलिस मरीन फोर्स और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। तटीय पुलिसिंग और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित डीजीपी, आईजीपी सम्मेलन–2025 के निर्णयों को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस 21–दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को कक्षा शिक्षण, व्यावहारिक प्रशिक्षण, क्षेत्र अभ्यास और मूल्यांकन की जानकारी दी जाएगी। श्री मीणा, ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए द्वीपसमूह के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की ओर से कल द्वीप समूह के वीर शहीदों में से एक, कैप्टन असीम कुमार भट्टाचार्जी, सेना पदक (मरणोपरांत) के सम्मान में पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। शहीद के स्मारक पट्टिका पर पुष्पचक्र अर्पित किए गए, जिसके बाद अधिकारी की पवित्र स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। यह समारोह 20 जुलाई 2000 को जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में मात्र 24 वर्ष की अल्पआयु में देश के लिए दिए गए कैप्टन भट्टाचार्जी के सर्वोच्च बलिदान के प्रति संस्थान और समाज के सामूहिक सम्मान को दर्शाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कैप्टन भट्टाचार्जी की वीरता और कर्तव्य के प्रति उनका समर्पण द्वीप समूह के युवाओं के लिए हमेशा एक मार्गदर्शक प्रकाश बना रहेगा।।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कुत्तों में केनाइन डिस्टेंपर वायरस की पुष्टि की है। केनाइन डिस्टेंपर एक जानलेवा वायरल बीमारी है। विभाग ने इसे देखते हुए पशु मालिकों के लिए परामर्श जारी कर शीघ्र पशु चिकित्सक से संपर्क करने को कहा है।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत विकास आयुक्त कार्यालय, , की ओर से पात्र सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 'इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह मेला 4 से 21 सितंबर तक साइंस सिटी एक्जीबिशन ग्राउंड, कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। हस्तशिल्प और हथकरघा, कपड़ा और परिधान, होम फर्निशिंग, चमड़े के सामान, क्रॉकरी, प्रोसेस्ड फूड, हर्बल, आयुर्वेदिक उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, लाइफस्टाइल उत्पाद, तथा फर्नीचर और इंटीरियर उत्पादों के निर्माण में लगे पात्र सूक्ष्म और लघु उद्यमों को इस मेले में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी उद्यम 'खरीद और विपणन सहायता' योजना के घटक के तहत निर्मित स्टॉल के किराये पर 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, पूर्वोत्तर क्षेत्र, दिव्यांग और आकांक्षी जिला इकाइयों के लिए 100 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। द्वीपसमूह के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को पीएमएस योजना के दिशानिर्देशों के अधीन, प्रति आयोजन प्रति उद्यम अधिकतम 80 हजार रुपये तक की समग्र सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त है। ऑनलाइन आवेदन और पीएमएस योजना के दिशानिर्देशों के लिए दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन किया जा सकता है।

<><><><><><><>

निकोबार जिला पुलिकी ओर से हाल ही में लापती समुद्र तट पर 'एकता के प्रतीक' सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों के लिए दो दिवसीय बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में भारतीय वायु सेना, शिक्षा विभाग और अंडमान निकोबार पुलिस सहित विभिन्न विभागों के साथ–साथ क्षेत्र के कई ग्रामीण टीमों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच खेल भावना, एकता और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना था। पुरूषों के वर्ग में तमालू गांव की टीम विजेता रही, जबकि महिलाओं की टीम में एरोंग गांव की टीम विजयी रही। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सभी प्रतिभागी टीमों को उनके योगदान और खेल भावना के लिए भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षा संस्थान के घटक कॉलेज जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए 'आवश्यकता के आधार पर' विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों की अनंतिम वरीयता सूची अपलोड कर दी है। सूची महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट jnrm.and.nic.in पर उपलब्ध है। इस संबंध में दावे और

आपत्तियां ईमेल के माध्यम से या ऑफलाइन मोड पर 23 जुलाई शाम 3 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची 27 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से कल अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस मनाया। फ्लैग प्वाइंट में आयोजित ओपन ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने पहली चाल चलकर टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन किया। समापन अवसर पर टूर्नामेंट के शीर्ष 10 प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

<><><><><><><>